तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 09.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रचार वाहन को कलेक्टर... 12



गढ़ बांसला मेले में दैविक परंपरा और बस्तरिया... 12





## खबर संक्षेप



### चारामा वार्ड नौ में हुई रामधुनी

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 09 में पार्षद संदीप मेश्राम एवं वार्डवासी के सहयोग से नववर्ष 2026 की शुरुआत रामधुनी से की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। भजन-कीर्तन और राम नाम के स्मरण से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन पार्षद के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे वर्ष सुख-समृद्धि की कामना की।

### अंग्रेजी शराब बरामद पकड़ाया कोचिया



**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत हल्बा व आंखीहर्रा चौक के पास शराब कोचिए के कब्जे से अवैध रूप से रखे अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी डब्बीपानी निवासी सगराम सलाम पिता पुसऊराम के कब्जे से 6 नग बियर कीमत 1200 रूपएं एवं 12 पौवा अंग्रेजी शराब कीमत 1 हजार 440 रूपएं कुल 2 हजार 640 रूपएं की शराब को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महिला की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत नाग जीवदण्ड निवासी 50 वर्षीय धनाय बाई सलाम का 4 जनवरी को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। नागरबेड़ा निवासी 55 वर्षीय माहरू राम सलाम ने पुलस को बताया कि मृतक का शव ग्राम एटेगांव से टिमनार जाने वाले रास्ते में पुल के पास मिला। मौत कैसे हुई यह पता नही। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी महिला ने जान

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिलाई निवासी 55 वर्षीय गिरिजा बाई जुर्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भिलाई निवासी 45 वर्षीय सहदेव जुर्री पिता नरसिंह जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अपने घर में 4 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत उच्चापानी निवासी 70 वर्षीय बसनीन बाई का पानी में डूबने से 4 जनवरी को मौत हो गया। उच्चापानी निवासी निवासी रमेश कुमार हुपेण्डी ने पुलिस को बताया कि मृतिक पानी में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सेनानी पातर हल्बा की पुण्यतिथि 9 को मनाएंगे



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम भेलवापानी में पातर हल्बा की पुण्यतिथि की तैयारी कों लेकर सर्व समाज, अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज एवं केंद्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला कांकेर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से आयोजन स्थल सोनादई तय किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुखदेव पातर की 64 वीं पुण्यतिथि 09 जनवरी कों मनाया जाएगा।

---

**कार्रवाई : जिपं सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा ने बीत रात वाहनों को रोका और विभाग को सूचित किया**

# जिला पंचायत सदस्य ने रेत भरे वाहनों को रोका, वाहन छोड़कर चालक चंपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा क्षेत्र से गुजरने वाली महानदी में कई रेत घाटों की निविदा हो चुकी है, वहीं कुछ घाट सरपंचों को आवंटित हैं,

- खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुँची, सभी वाहन को किया जब्त
- मालिक वाहन छुड़ाने पहुँचे खनिज विभाग, जाँच होने की दी जानकारी



जिनके माध्यम से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। नियमानुसार रात्रि में रेत उत्खनन एवं परिवहन प्रतिबंधित है, इसके बावजूद बीती रात लगभग साढ़े 7 से 8 बजे के बीच रेत से भरे वाहनों का आवागमन जारी था।

महानदी क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा ने रेत से भरे वाहनों को रोकते हुए खनिज विभाग को जानकारी दी और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुँची। चालकों के मौके से फरार होने के कारण सभी वाहनों को जब्त कर कांकेर पुलिस लाइन लाया गया। खनिज विभाग की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि वाहनों में रॉयल्टी मौजूद थी, लेकिन जिला पंचायत सदस्य का कहना था कि रात्रि में रेत से भरे वाहन गांव की सिंगल रोड से गुजर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने सभी वाहनों की विस्तृत जांच कर कार्रवाई की मांग की। खनिज विभाग द्वारा चिनौरी से जब्त किए गए सभी सात हाईवा वाहनों को कांकेर पुलिस लाइन में रखा गया है।

### राजस्व नुकसान की आशंका

हाईवा वाहन के मालिक ने बताया कि जिन वाहनों को रोका गया था, वे सभी अंधेरा होने से पहले घाट से रेत लोड कर चुके थे, लेकिन मुख्य सड़क पर भीड़ होने के कारण निकलने में देर हो गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा वाहन रोकने और चालकों को डराने-धमकाने के चलते चालक वाहन छोड़कर भाग गए। दो दिन पूर्व इसी तरह एक चालक के साथ मारपीट की घटना भी हुई थी, जिससे चालक भयभीत हैं। ऐसी स्थिति में वाहन रेत भरने कांकेर नहीं आएंगे , जिससे शासन को राजस्व का नुकसान होना तय है।

घटना की जानकारी मिलते ही दोपहर में सभी वाहन मालिक खनिज विभाग कार्यालय पहुँचे, जहां लगभग 20 से 22 लोग मौजूद थे। हरिभूमि ने भीड़ में मौजूद लोगों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि रॉयल्टी लेकर वैध रूप से रेत परिवहन करने के बावजूद वाहनों को रोका जा रहा है और धमकाया जा रहा है, जिससे वे परेशान हैं।

### वाहनों को रोककर की जाती है पूछताछ

रेत से भरे हाईवा वाहनों को जनप्रतिनिधियों के अलावा अन्य लोग भी रोककर पूछताछ करते हैं कि रेत किस खदान से लाई गई है। कुछ लोग समझाइश देते हैं, तो कुछ के द्वारा मारपीट की घटनाएं भी सामने आती हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही, तो वे कांकेर जिले के चारामा क्षेत्र से रेत भरने नहीं आएंगे। आरोप है कि सत्ता से जुड़े कुछ लोगों द्वारा ही धमकी और मारपीट की जा रही है।

### टंहकापार खदान है विवाद की जड़

हाईवा मालिकों और ग्रामीणों का आरोप है कि टंहकापार क्षेत्र में अवैध रेत खदान का संचालन खुलेआम किया जा रहा है। यहां एक नहीं बल्कि दो-दो चैन माउंटेन मशीनों से अवैध उत्खनन हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बावजूद कथित राजनीतिक संरक्षण के चलते कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके कारण वैध रॉयल्टी लेकर जाने वाले वाहन भी विवाद में फंस जाते हैं। चर्चा है कि वाहन पकड़े जाने के बाद कुछ ही देर में दूसरी खदान की रॉयल्टी पहुँच जाती है।

### सात हाईवा पुलिस लाइन में, जाँच जारी

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि सात हाईवा वाहनों को जांच के लिए पुलिस लाइन में रखा गया है। यह जांच की जा रही है कि रेत कब भरी गई, किस खदान से भरी गई और रात्रि साढ़े 7 से 8 बजे के बीच वाहन चिनौरी कैसे पहुँचे। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

### वाहन विवाद पर भांजे ने मौसी पर किया ईंट-पाइप से जानलेवा हमला



**कांकेर।** कांकेर शहर के टिकरापारा क्षेत्र से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां पारिवारिक विश्वास और अपनापन हिंसक विवाद में तब्दील हो गया। एक्टिवा वाहन उधार लेकर वापस न लौटाने के सवाल पर भड़के युवक ने अपनी मौसी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना से पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई है। थाना कांकेर में दर्ज शिकायत के अनुसार टिकरापारा निवासी 50 वर्षीय अन्नपूर्णा यादव पति स्व. किशोर यादव ने बताया कि 4 जनवरी को उनकी बड़ी बहन का बेटा 36 वर्षीय आशीष यादव पिता अशोक यादव, उनसे एक्टिवा वाहन थोड़ी देर में लौटाने की बात कहकर ले गया था। देर रात करीब साढ़े 10 बजे वह किसी अन्य का एक्टिवा लेकर घर पहुंचा। अन्नपूर्णा यादव ने जब अपने वाहन के बारे में पूछा, तो आशीष यादव आपे से बाहर हो गया। आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और पास में मौजूद अन्नपूर्णा की बेटी हर्षिता यादव एवं हिमाशी यादव के सामने ही हिंसक हो उठा। उसने पास पड़ी ईंट उठाकर महिला के सिर पर वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। इतना ही नहीं, आरोपी ने पाइप से भी मारपीट की, जिससे महिला के हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें ⏭ शेष पेज 10 पर

---



## फितेफूलचूर की अधूरी देवगुड़ी को ग्रामीणों ने पूरा करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल


विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम फितेफूलचूर में वर्ष 2022–23 में स्वीकृत देव गुड़ी भवन का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य प्रारंभ न होने अथवा बीच में ही रोक दिए जाने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि देव गुड़ी भवन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भवन का निर्माण अधूरा रहने के कारण गांव में पारंपरिक पूजा-पाठ, सामाजिक बैठकें तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण डोमनसिंह राम, देशाराम, बेजूराम, अमकराम, देवल तुलावी, आनंद कुमार एवं देवार सिंह मंडावी ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा अब तक निर्माण कार्य को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। कई बार पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किए जाने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किया ⏭ शेष पेज 10 पर

## बिना बीमा के वाहनों और नशे में ड्राइविंग पर 34 हजार के शमन शुल्क की वसूली

**सरोना।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सरोना क्षेत्र में हेलमेट चेकिंग के साथ-साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में सरोना पुलिस द्वारा लगातार गश्त कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुड़पार चौक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर को रोककर जांच की गई, जिसमें हार्वेस्टर मशीन जुड़ी हुई थी। जांच में पाया गया कि ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था। वाहन में सवार बांगाबारी निवासी हेमंत साहू एवं पुनीत साहू के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में 12 हजार रुपएं का चालान किया गया। जांच के दौरान यह भी



सामने आया कि संबंधित ट्रैक्टर का बीमा नहीं कराया गया था। इस पर वाहन के मालिक 26 वर्षीय देवलाल नेताम पिता लक्ष्मण नेताम के खिलाफ बिना बीमा वाहन चलाने पर 22 हजार रुपएं का चालान किया गया, इस प्रकार कुल 34 हजार रुपएं का जुर्माना वसूला गया। थाना प्रभारी मलिक राम केंवट ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर लोग अक्सर लापरवाही बरतते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए थाना सरोना पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है तथा शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना बीमा एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# धार्मिक स्थलों के पास शराब दुकान के विरोध में किया विशाल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर की सांस्कृतिक मर्यादा और सामाजिक सुरक्षा को लेकर भानुप्रतापपुर में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। अंतागढ़ रोड पर

- भानुप्रतापपुर के प्रदर्शन में व्यापारियों, महिलाओं और राजनीतिक दल के लोग शामिल रहे



हाल ही में खोली गई प्रीमियम शराब दुकान के विरोध में नागरिकों, व्यापारियों, महिलाओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर विशाल विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों के द्वारा विरोध का सबसे बड़ा कारण यह है कि उक्त शराब दुकान के ठीक सामने शंकर-पार्वती मंदिर और पीछे काली माता मंदिर जैसे पवित्र धार्मिक स्थल स्थित हैं। इसके अलावा आसपास स्कूल और घनी आबादी वाला क्षेत्र होने से बच्चों, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद मनदीप कौर ढिंढसा ने प्रदर्शन के दौरान तीखे शब्दों में कहा कि यह शराब दुकान हमारे नगर की शांति, संस्कृति और सुरक्षा के लिए खतरा है। धार्मिक स्थलों और स्कूलों के पास शराब दुकान खोलना पूरी तरह अनुचित है। यहां शराब पीने की घटनाओं के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल है। यदि प्रशासन ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो नागरिकों को उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर दुकान के आसपास खुलेआम शराब सेवन के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने के बाद व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में रोष और अधिक बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि इससे क्षेत्र की छवि धूमिल हो रही है और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों ⏭ शेष पेज 10 पर

## मरकाटोला विद्यालय का विशेष रोसेयो शिविर लारागांव में जारी

**कांकेर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमावि लारगांव मरकाटोला का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम लारगांव में 02 से 08 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम ने बताया कि युवा और खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम को आधार बनाकर तथा समाज में जन-जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार के साथ विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास पर



केंद्रित थीम नशा मुक्ति व स्वच्छता संकल्प पर आधारित शिविर संचालित है, जिसमें यातायात सड़क दुघर्टना, महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, पाक्सो एक्ट, विधिक सेवा प्राधिकरण, नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा व स्वच्छता संदेश के लिए जिला पुलिस बल महिला रक्षा टीम यातायात विभाग जिला कांकेर से शारदा यादव सहायक उपनिरीक्षक, शशिकला साहू सहायक उपनिरीक्षक, वेद मण्ड़ावी प्रधान आरक्षक व टीम तथा विधिक सेवा प्राधिकरण जिला कांकेर से वर्षा पोया ने जानकारी दी है। शिविर को सफल बनाने में सरपंच पदुमसिंह ठाकुर, प्राचार्य कृष्णा कारायत, पुनू राम प्रधान, रोशन पटेल, रत्ते राम सोनकर, विष्णु पटेल, डेमन सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, विमल पटेल, विकास कोर्राम का योगदान मिल रहा है।

### इमलीपारा में शराब कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** कांकेर शहर में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए कोतवाली पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 07 लीटर अवैध देशी महुआ शराब के साथ एक आरोपी को धरदबोचा। जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि तालाब पारा चौक, इमलीपारा में अवैध शराब का कारोबार हो रहा है। पुलिस ने जानकारी ⏭ शेष पेज 10 पर

## सिक्स लेन के नाम पर लापरवाही, प्रशासन की चुप्पी पर भारतमाला का काम रुकवाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

भारत सरकार की बहुचर्चित भारतमाला परियोजना नरहरपुर क्षेत्र के मावलीपारा में विकास की जगह अब सवालों के घेरे में आ गई है। सिक्स लेन सड़क निर्माण के दौरान मावलीपारा हाईस्कूल के बच्चों के लिए सुरक्षित आवागमन का कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं छोड़े जाने से ग्रामीणों का सब्र टूट गया। बच्चों की जान को खतरे में डालकर चल रहे निर्माण कार्य के विरोध में ग्रामीणों ने ग्रामसभा बुलाकर सड़क निर्माण कार्य को जबरन रुकवा दिया।

मावलीपारा के ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि प्रशासन और निर्माण एजेंसी दोनों ने आंखें मूंद ली हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी वाहनों और निर्माण कार्य के बीच से गुजरने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे हर दिन हादसे की आशंका बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक मौके पर पहुंचकर स्थिति देखने तक की जरूरत नहीं समझी। ग्रामसभा में मौजूद सरपंच सियाराम कोसमा ने बताया कि बच्चों के लिए सुरक्षित रास्ता, अंडरपास या सर्विस रोड की मांग को लेकर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को कई बार लिखित आवेदन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन हर बार फाइलें दफ्तरों में ही दबकर रह गईं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा।

ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बच्चों के स्कूल जाने के लिए सुरक्षित और स्थायी रास्ता नहीं बनाया गया, तो भारतमाला सिक्स लेन का निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं होने दिया जाएगा और साथ ही आंदोलन को जिला स्तर तक ले जाने की चेतावनी भी दी गई है। फिलहाल हाई स्कूल मावलीपारा के पास सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह ठप है और पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश का माहौल बना हुआ है। अब यह देखना अहम होगा कि जिम्मेदार अधिकारी कागजी योजनाओं से बाहर निकलकर मौके पर कब पहुंचते है या फिर किसी अनहोनी के इंतजार में रहेंगे।

**कार्यक्रम से अभिभावकों के चेहरों पर भी राहत की मुस्कान दिखी**

# मेले की रौनक के बीच बच्चों की सुरक्षा पर फोकस, पुलिस की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मेले की रौनक, रंग-बिरंगी रोशनियां और भीड़, इन सबके बीच अगर किसी माता-पिता की धड़कन सबसे तेज होती है, तो वह अपने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर होती है। इसी चिंता को समझते हुए कांकेर पुलिस ने एक अनूठी और मानवीय पहल की है, जो न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है, बल्कि अभिभावकों के चेहरों पर भी राहत की मुस्कान ला रही है। कांकेर मेले में शुरू की गई यह पहल अब चर्चा का विषय बन गई है।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशानुसार, एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्री माल के मार्गदर्शन एवं एएसपी कांकेर दिनेश सिन्हा के पर्यवेक्षण में उप पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी प्रतिभा लहरे एवं महिला रक्षा टीम द्वारा 4 जनवरी को कांकेर मेले के अवसर पर छोटे बच्चों के लिए परिचय पत्र सुरक्षा कार्ड जारी किए गए। इस सुरक्षा कार्ड में बच्चे का नाम, पालक का नाम एवं पालक का मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखा जा रहा है। यह कार्ड बच्चों की जेब में सुरक्षित रूप से रखा जा रहा है, ताकि यदि कोई बच्चा भीड़ में अपने पालक से बिछुड़ जाए, तो पुलिस या कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति कार्ड पर दर्ज नंबर के माध्यम से तुरंत पालक से संपर्क कर सके और बच्चे को सुरक्षित रूप से उनके पास पहुंचाया जा सके। इस पहल का असर मेले में तुरंत देखने को मिला। कई बच्चे जो रास्ता भटकने की स्थिति में थे, वे पुलिस के पास पहुंचने से पहले ही अपने पालकों से मिल गए, वहीं पालक भी इस व्यवस्था से इतने संतुष्ट नजर आए कि वे स्वयं आगे बढ़कर अपने बच्चों के लिए सुरक्षा कार्ड बनवाने पुलिस के पास पहुंच रहे हैं।

### बच्चों के साथ पालकों को भी समझाइश

*महिला रक्षा टीम द्वारा बच्चों और अभिभावकों को समझाइश भी दी जा रही है कि भीड़ में सतर्क कैसे रहें और बच्चों को अकेला न छोड़ें। यह पहल न केवल पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत कर रही है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कांकेर पुलिस कानून व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी को भी बखूबी निभा रही है।*



## खबर संक्षेप

### बंधा तालाब में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव शहर के प्रमुख जलस्त्रोत बंधा तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। सफाई अभियान में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी तथा कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान कर अभियान को गति दी। विधायक लता उसेण्डी ने बताया कि बंधा तालाब को जलकुंभी से मुक्त कर स्वच्छ एवं उपयोगी बनाने के लिए एक व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत चरणबद्ध रूप से सफाई कार्य किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से भी इस स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, नगर पालिका के अधिकारी–कर्मचारी, सफाईकर्मी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### वूमन फॉर ट्री अभियान के तहत जिला कार्यालय परिसर में पौधारोपण



**कोण्डागांव।** नगर प्रशासन की मिशन अमृत योजना के अंतर्गत संचालित वूमन फॉर ट्री अभियान के तहत जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक लता उसेण्डी, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया और अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, सुषमा खोब्रागडे. स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस को बड़ा झटका, 27 जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**विधायक नीलकंठ टेकाम के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लिया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

- चनियागांव के सरपंच सहित वार्ड पंच और ग्रामीण भाजपा में हुए शामिल

ब्लॉक के ग्राम पंचायत चनिया गांव के सरपंच वार्ड पंच सहित कुल 27 कांग्रेसियों ने विधायक नीलकंठ टेकाम के विकास एवं भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया है। विधायक निवास कार्यालय में नीलकंठ टेकाम ने सभी नवप्रवेशी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को गमछा पहनाकर बीजेपी में प्रवेश कराया।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने भाजपा प्रवेश कराने के बाद कहा की कांग्रेस की विचारधारा से निकलकर अब विकसित देश विकसित राज्य और विकसित गांव की विचारधारा बीजेपी की विचारधारा से लोग प्रभावित होकर आगे भी बीजेपी पार्टी ज्वाइन करेंगे बीजेपी पार्टी का कार्य विकास एवं देश को जोड़ना एवं विकसित राष्ट्र बनाना है। जिससे लोग प्रभावित हो रहे हैं एवं केशकाल विधानसभा में जो विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं उससे प्रभावित होकर भी लोग बीजेपी पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं और आगे भी ज्वाइन करते रहेंगे।

**इन्होंने थामा भाजपा का दामन**

पार्टी ज्वाइन करने वालों में मनेस उसेंडी सरपंच ग्राम पंचायत चनियागांव, महेंद्र कुमार सलाम वार्ड पंच, रिकेश नेताम वार्ड पंच, राकेश नेताम वार्ड पंच, महेंद्र कुमार सलाम, रिंकू सोनवानी, किशोर सलाम, हरि मंडावी, निवास सोना, समीर नाग, सेवन नेताम, रिकेश नेताम,सुनील मरकाम, कमलेश कुंजाम, मानकू मांडवी, सुनील बेसरा, नारायण नेताम, श्रवण मंडावी, आकाश नेताम, पियूष नाग, कृष्ण नेताम, राजेंद्र बेसरा, संतराम बेसरा, दिलीप नाग, धन्नू राम उसेंडी, मनीलाल कचलाम, राकेश नेताम, अमृत नेताम, उमेश मंडावी, नरेश नेताम रहे विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ हेमचंद देवांगन जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं नवदीप सोनी मंडल महामंत्री केशकाल कृष्णदत्त उपाध्याय के साथ चनिया गांव के बूथ अध्यक्ष संतराम बेसरा भी उपस्थित रहे।



**आयोजन :** अरंडी में तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में खेलों का बहुत महत्व : टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

- 18 संकुल जोन के 2000 विद्यार्थियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिनों की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन अरंडी में हुआ। उद्घाटन एवम समापन अवसर के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम रहे। इस अवसर पर केशकाल के 18 संकुल जोन के कुल 2000 बच्चों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। तीन दिवसीय खेल स्पर्धा में खो खो, कबड्डी, व्हालीबॉल समेत दौड़, गोला फेंक, चित्रकला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड , ट्रॉफी एवं अन्य पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अपने बीच विधायक को पाकर बच्चे गदगद नजर आए।

वहीं विधायक ने समापन अवसर में खो खो का फाइनल मैच देखा और बच्चों को प्रोत्साहित किया। आगे उन्होंने बच्चों और ग्रामीणों से मुखातिब होते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों के महत्व को समझाया। साथ ही खूब मन लगाकर बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। आगामी परीक्षा की तैयारियों में जुटकर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी दौरान विधायक ने ग्रामीणों के मांगपत्र का अवलोकन कर घोषणा कर जल्द ही मांगो को पूरा करने का आश्वाशन दिया।साथ ही शासन की योजनाओं से आमजनों को जागरूक किया। इसी क्रम में शिक्षक व शिक्षिकाओं को शैक्षणिक गतिविधियों को दुरुस्त करने नवाचार और उपचारात्मक विकल्प अमल में लाने निर्देशित किया।



**ये रहे उपस्थित**

समापन समारोह में नंदिनी पोटाई अध्यक्ष जनपद पंचायत, आकाश मेहता, विजय पोया , लंबोदर सलाम, संतोष सिन्हा, भूपेश सिन्हा, वीरेंद्र बघेल आदि शामिल रहे। इस खेल प्रतियोगिता में अरंडी, तेंदूभाटा के जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन रोशन हिरवानी, लोकेश गायकवाड ने किया। शिक्षा विभाग से प्रमुख रूप से सीएल मंडावी बीईओ, दीपेश सेठिया एबीईओ, बलराम नाग बीआरपी, शोएब अली, मानसिंह मंडावी, अजय शर्मा, राजबहादुर नेताम, सहदेव मरकाम, भूपेश नाविक, संध्या भास्कर, राकेश विषकर्मा के साथ सभी प्राचार्य, एवम संकुल समन्वयक गण मौजूद रहे।

# विधायक ने किया 70.23 लाख के भवन निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- भीरागांव को मिला हाई स्कूल भवन की सौगात
- शिक्षा अधोसंरचना को मिलेगा नया आयाम

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने शनिवार को माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम भीरागांव में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह भवन 70.23 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पक्के हाई स्कूल भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध होगी। इससे अध्ययन–अध्यापन का वातावरण सुधरेगा और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

**ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा सशक्तिकरण की दिशा में कदम**

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। ग्रामीण अंचलों में विद्यालय भवनों का निर्माण बच्चों के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य भगवती नेताम, जनपद सदस्य रामलाल मरकाम, पन्नालाल नेताम, सरपंच जगदीश मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित अन्य विभागीय अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत परिसर में नये स्वरूप में कैंटीन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी ने सोमवार को जिला पंचायत परिसर में नये स्वरूप में सुसज्जित कैंटीन का शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि पूर्व में गायत्री स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा टीन शेड में कैंटीन का संचालन किया जा रहा था। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में अब इसे समीप स्थित भवन में बेहतर सुविधाओं के साथ नये स्वरूप में प्रारंभ किया गया है।

गायत्री स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा 5 लाख रुपये का ऋण लेकर इस कैंटीन का संचालन किया जा रहा है, जिससे समूह की महिलाओं को स्थायी आजीविका का साधन उपलब्ध हो सका है। इस पहल से जिला पंचायत परिसर में कार्यरत अधिकारी–कर्मचारियों एवं आगंतुकों को स्वच्छ, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की सुविधा मिलेगी, वहीं स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता भी प्राप्त होगी।

**जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे मौजूद**

शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सुश्री सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, सुषमा खोब्रागडे जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एनआरएलएम जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सारवांडी में अवैध शराब जब्त एक कोचिया पुलिस गिरफ्त में

**दुधावा।** जिलेभर में नशा के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन संकल्प के तहत चौकी दुधावा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में शामिल आरोपी राजेश नाग को गिरफ्तार किया और शराब को जप्त किया गया।



चौकी दुधावा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि सारवंडी में एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक किया और बताए गए स्थल पर छापामार कार्यवाही किया गया। आरोपी राजेश नाग के पास से 7.280 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसमें मैक्डोवल नंबर 01, रायल स्टेग, रोमिया, देशी शराब और बीयर शामिल थी। बरामद शराब की कीमत 4730 रुपए बताई जा रही है, जबकि इसका बिक्री मूल्य केवल 500 रुपए था। अवैध शराब की बिक्री को रोकने और समाज को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से पुलिस ने आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। चौकी प्रभारी ने कहा कि नशे और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इस तरह के किसी भी अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधान अध्यापक ने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**कोण्डागांव।** विकासखंड कोंडागांव, तहसील मर्दापाल अंतर्गत स्थित शासकीय जनपद प्राथमिक शाला सोनाबाल में प्रधान अध्यापक ईश्वरी कौमार्य ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन कर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। न्योता भोज में विद्यार्थियों को पूड़ी, मटर–पनीर मसाला, चावल और मिश्रित दाल परोसी गई। दोनों विद्यालयों के कुल 85 छात्र–छात्रओं ने उत्साहपूर्वक भोजन का आनंद लिया, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा।

# गोडपाल व चाऊरगांव स्कूलों का औचक निरीक्षण,अधिकारियों ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र गोडपाल में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने कि दिशा में एक अहम पहल करते हुए 5 जनवरी को स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर प्राप्त उन शिकायतों की जांच करना था, जो अध्ययन-अध्यापन की स्थिति, शिक्षकों की कमी और शाला संचालन से संबंधित थीं।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को मौके पर बुलाकर शिकायतों की गहन समीक्षा की। शिकायतें जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त हुई थीं। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हलाल सलाम, सदस्य जोहन उइके, प्राचार्य गौरीशंकर नायक सहित शिक्षक श्यामलाल पोटाई, रन्नूराम गोटी और श्यामसिंह नेताम उपस्थित रहे, जिन्होंने निरीक्षण दल को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। अधिकारियों ने निरीक्षण के क्रम में संबंधित संकुल प्राचार्य को शाला संचालन की जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से डेली डायरी नियमित और पूर्ण रूप से भरने, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने तथा पाठ्यक्रम को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने पर जोर दिया गया।

इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा, प्रयास एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि इन परीक्षाओं में छात्रों की सफलता पूरे क्षेत्र की शैक्षणिक स्थिति को मजबूत करेगी।

इसके पश्चात अधिकारियों ने प्राथमिक शाला चाऊरगांव का भी निरीक्षण किया। यहां भी शिक्षण व्यवस्था, उपस्थिति एवं शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान संकुल समन्वयक सुखदेव कोडोपी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्थानीय परिस्थितियों से अवगत कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के औचक निरीक्षण नियमित रूप से किए जाएंगे। इससे न केवल शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा, बल्कि विद्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता और शिक्षण स्तर में भी निरंतर सुधार संभव हो सकेगा।

**केशकाल घाटी में कानून से खिलवाड़, लापरवाह बस चालक गिरफ्तार**

# पुलिसकर्मी को कुचलने का प्रयास, आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव/केशकाल

जिला कोंडागांव पुलिस ने कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले एक लापरवाह बस चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला केशकाल घाटी का है, जहां जाम के दौरान तेज रफ्तार और गलत दिशा में बस चलाने के साथ पुलिसकर्मी को कुचलने का प्रयास किया गया। रविवार रात 4 जनवरी को जगदलपुर से नागपुर जा रही बस क्रमांक सीजी–17–एलसी–5355 के चालक ने केशकाल घाटी में जाम के बावजूद गलत दिशा में जाकर ओवरटेक किया। इससे यातायात व्यवस्था और यात्रियों की जान दोनों खतरे में पड़ गई।



**पुलिसकर्मी पर बस चढ़ाने की कोशिश** -विश्रामपुरी चौक पर पुलिस द्वारा बस रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने जान से मारने की नीयत से पुलिसकर्मी पर बस चढ़ाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, बस से उतरकर पुलिस अधिकारियों के साथ गाली–गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया।

**आरोपी गिरफ्तार, गंभीर धाराओं में मामला दर्ज-** डीएसएफ आरक्षक उमेशदास मानिकपुरी की रिपोर्ट पर थाना केशकाल में आरोपी के विरुद्ध धारा 109, 121(1), 132, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी पुष्पेंद्र कुमार कोर्राम 29 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

***एसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई*** *-पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अरुण नेताम के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में टीम ने तत्परता से कार्रवाई की। कोंडागांव पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन, पुलिस से दुर्व्यवहार और आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। निरीक्षक विकास बघेल, सउनि निहार रंजन मंडल, हेमंत देवांगन, बुधमल समरथ, प्र.आर. माधुरी रावटे, आरक्षक मनोहर निषाद, कमलेश कंवर, धर्मेंद्र नेगी एवं लोकेश्वर तारम की भूमिका सराहनीय रही।*

### श्रेष्ठा योजना से साकार होंगे गरीब छात्र के सपना और मिलेगा नि:शुल्क शिक्षण



**दुर्गुकोंदल।** केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही श्रेष्ठा योजना अब बच्चों के सपनों को साकार कर रही है। इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को देश के महंगे निजी आवासीय विद्यालयों में पढ़ने का अवसर दिया जाता है, जहां उनकी पढ़ाई से लेकर रहने और अन्य सभी खर्चों का वहन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। श्रेष्ठा योजना के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में वे अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं, जिनके पालकों की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए तक है। चयनित विद्यार्थियों को सीबीएसई से संबद्ध निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक अध्ययन का अवसर मिलता है, जहां एक वर्ष की फीस लगभग दो लाख रुपये तक होती है। सत्र 2026-27 के लिए आयोजित श्रेष्ठा प्रवेश परीक्षा 2025 में दुर्गुकोंदल विकासखंड की माध्यमिक शाला सुखई के कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र कामताप्रसाद बेसरे ने शानदार सफलता हासिल की है।

## पेज 9 के शेष

### फितेफूलचूर की अधूरी...

गया, जिससे ग्रामीणों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर कांकेर के नाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि स्वीकृत राशि होने के बावजूद निर्माण कार्य का अधूरा रहना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

ग्रामीणों ने मांग किया है कि देव गुड़ी भवन निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराया जाए, ताकि गांव की धार्मिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे जन आंदोलन करने को विवश होंगे।

### धार्मिक स्थलों के...

ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि प्रीमियम शराब दुकान को तत्काल हटाकर किसी अन्य सुरक्षित और उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और व्यापक व उग्र रूप दिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता, नेता प्रतिपक्ष विजय धामेचा, परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढिंढसा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण डोंगरे, आईटी सेल लोकसभा अध्यक्ष नमन जैन, सहित अनेक पार्षद, व्यापारी, महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### इमलीपारा में शराब...

की तस्दीक करने के उपरांत बताए गए स्थल पर दबिश दी गई, जहां आरोपी को अवैध रूप से शराब बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी 40 वर्षीय संतोष यादव पिता मदन लाल यादव निवासी इमलीपारा, अटल आवास के कब्जे से 07 लीटर अवैध देशी महुआ शराब को जब्त किया, जिसकी 1400 रूपए है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

## खबर संक्षेप

### 92 आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिली प्रोत्साहन राशि

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के कुल 92 प्रशिक्षणरत आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रति व्यक्ति 10,000 रुपये प्रतिमाह की दर से एक माह की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने हेतु कुल 9 लाख 20 हजार रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह राशि आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान आर्थिक सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने एवं सामाजिक पुनर्वास की प्रक्रिया को सशक्त करने में सहायक होगी।

### कार्यों को समय पर पूरा करने दिए निर्देश



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल योजना की प्रगति, पेयजल आपूर्ति की स्थिति, अधोसंरचना कार्यों एवं योजनाओं के संचालन व संधारण पर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय, नियमित फील्ड निरीक्षण, लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण एवं ग्रामीणों को निरंतर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एस आर नेताम सहित कार्यपालन अभियंता क्रेडा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### प्रेमशंकर तिवारी



**जगदलपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नरेंद्र तिवारी व रविशंकर तिवारी के बड़े भाई प्रेमशंकर तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। आज सुबह अंतिम यात्रा निवास अटल आवास सांई कॉलोनी से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग, कांग्रेसी और शहरवासी शामिल हुए। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# मलेरिया रोकथाम पर संवाद से ही होंगे बेहतर हालात : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.आर. पुजारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक

■ मलेरिया मुक्त बीजापुर के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान प्रारंभ

विनोद कुमार साहू के नेतृत्व में जिला समन्वयक अशोक पाण्डेय एवं बीजादूतीर स्वयंसेवक मलेरिया मुक्त बीजापुर अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। बीजापुर जिला मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में से एक है। मलेरिया की रोकथाम को लेकर कलेक्टर ने व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए लोगों में व्यवहार परिवर्तन एवं सामाजिक बदलाव लाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मलेरिया नियंत्रण एवं उन्मूलन के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मलेरिया के मामलों में कमी लाना एवं आमजन को इसके बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन कार्यकर्ता एवं बीजादूतीर स्वयंसेवकों के समन्वय से जिले के लगभग 300 बीजादूतीर स्वयंसेवक



मलेरिया की रोकथाम, लक्षण एवं उपचार संबंधी जानकारी जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग, घर-आसपास साफ-सफाई, गंदे पानी का जमाव न होने देना, पूरे ढके हुए कपड़े पहनना तथा बुखार या अन्य लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर मलेरिया जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत चिनगेर, पिनकोंडा, कोडोली तथा विकासखंड भोपालपटनम के ग्राम पंचायत तिमेड़, अटकुपल्ली एवं रामपेठा में मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यूनिसेफ द्वारा प्रदत्त पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से महिला एवं पुरुषों को मानसिक स्वास्थ्य एवं मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही रात्रि चौपाल के दौरान सामुदायिक स्तर पर क्षेत्रीय भाषा में मलेरिया संबंधी वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

जिला प्रशासन को विश्वास है कि मितानिन एवं बीजादूतीर स्वयंसेवकों की इस पहल से मलेरिया मुक्त बीजापुर की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि मलेरिया से बचाव के उपाय अपनाएं और स्वस्थ बीजापुर के निर्माण में सहयोग करें।

### नक्सलगढ़ से निकलकर राष्ट्रीय पटल पर सुकमा

# गगपल्ली क्रिस्टाराम, बुड़दी के अस्पतालों को केंद्र सरकार से मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयासों ने आज एक नया इतिहास रच दिया है। सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुड़दी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गगपल्ली और आयुष्मान आरोग्य

■ 8 कड़े मानकों पर 70 प्रतिशत से अधिक अंक किया प्राप्त

मंदिर क्रिस्टाराम को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाण पत्र से नवाजा गया है। यह उपलब्धि केवल एक सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासन अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के अपने संकल्प को सिद्ध कर रहा है।

#### कठिन चुनौतियों के बीच क्वालिटी का कीर्तिमान

सुकमा जैसे संवेदनशील जिले में जहां भौगोलिक परिस्थितियां और

**नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाण पत्र से नवाजा**



सुरक्षा की चुनौतियां अक्सर बाधा बनती हैं, वहां के स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इन केंद्रों ने सेवा प्रावधान, मरीज के अधिकार और संक्रमण नियंत्रण जैसे 8 कड़े मानकों पर सत्तर प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। जिला प्रशासन ने इन केंद्रों में बुनियादी ढांचे और नैदानिक देखभाल को बेहतर बनाने के लिए नियद नेल्लानार के अंतर्गत विशेष कार्य योजना तैयार की गई थी जिसमें सतत मॉनिटरिंग दुर्गम क्षेत्रों में दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

संक्रमण नियंत्रण अस्पतालों में स्वच्छता और बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को प्राथमिकता दी गई। रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण- मरीजों को न केवल उपचार मिले, बल्कि उनके अधिकारों और सम्मान का भी पूरा ध्यान रखा गया।

#### कलेक्टर ने बताया शानदार उपलब्धि

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि सुकमा जिले के 3 स्वास्थ्य केंद्रों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट मिलने को जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया । नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना यह दर्शाता है कि प्रशासन की प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य के जरिए विकास को गति देना है । नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए बनाया गया एक सख्त फ्रेमवर्क है। इस प्रमाणन के बाद अब इन केंद्रों को भारत सरकार की ओर से वित्तीय प्रोत्साहन भी मिलेगा। इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य सुविधाओं के और अधिक विस्तार और रखरखाव के लिए किया जाएगा । जिससे भविष्य में स्थानीय ग्रामीणों को और भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

# पेसा कानून आरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग ने पेसा एक्ट के अंतर्गत अपने अधिकारों और आरक्षण से जुड़ी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। समाज ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

समाज की पहली प्रमुख मांग है कि देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार केंद्र सरकार से पहल कर छत्तीसगढ़ की आरक्षण व्यवस्था को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करवाए, ताकि इसे न्यायालय में चुनौती न दी जा सके।

दूसरी मांग अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत चुनावों से संबंधित है। समाज का कहना है कि पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों की संख्या ऐसी हो, जो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (यदि हो) के आरक्षित स्थानों के साथ मिलकर कुल सीटों के तीन-चौथाई से अधिक न हो। समाज ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2024 में पंचायत निर्वाचन अधिनियम में किए गए संशोधन के तहत इस प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है, जिसे पुनः यथावत लागू किया जाना चाहिए।

तीसरी मांग में समाज ने बस्तर एवं सरगुजा संभाग में पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू किए जाने का स्वागत किया है, लेकिन साथ ही यह आग्रह भी किया है कि कानून लागू करने से पहले अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को विश्वास में लिया जाए और उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। समाज का कहना है कि जिन ग्राम पंचायतों में उनकी संख्या कम है, वहां उनकी आवाज अनसुनी किए जाने और मनमानी की आशंका है। ऐसी परिस्थितियों के कारण पिछड़ा वर्ग समाज स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने शासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# एसएचजी की महिलाओं ने बस्तर जिले के उत्पादन केंद्रों का किया अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला बस्तर के क्लस्टर, ब्रिडिंग सेंटर, फीड यूनिट लोहंडीगुड़ा, एलएससी सेंटर तोकापाल एवं सीएमटीसी सेंटर पंडरीपानी का भ्रमण किया। इस भ्रमण एवं अध्ययन कार्यक्रम में जिला बीजापुर के सीएलएफ पदाधिकारी, योजना के चारों ब्लॉक प्रोग्रामर , आईएफसी एंकर, पीपीएफ, पीआरपी एवं महिला उद्यमी शामिल हुए। वहीं जिला बस्तर से डीपीएम राजकुमार देवांगन, प्रदान संस्था से सुश्री आभा के अलावा जिले के स्टाफ एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

भ्रमण के दौरान विभिन्न आजीविका गतिविधियों, उत्पादन इकाइयों के संचालन एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं का



अवलोकन किया गया। इससे बीजापुर जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं को नई आजीविका गतिविधि की जानकारी एवं उद्यमी बनने प्रेरणा मिली। साथ ही भविष्य में अपने जिले में आजीविका गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने हेतु नए दृष्टिकोण एवं कार्य पद्धति की समझ विकसित हुई। इस अध्ययन भ्रमण से महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे।

# बिचौलियों पर प्रशासन ने कसी नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान किसानों के हित में मील का पत्थर साबित हो रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा की गई सुदृढ़ और पारदर्शी व्यवस्था के चलते इस वर्ष बिचौलियों पर पूरी तरह नकेल कसी गई है। परिणामस्वरूप जिले में

■ 3100 रुपये प्रति क्विंटल की प्रतिबद्धता और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा से किसान खुश

अब तक 71 हजार क्विंटल धान की शुद्ध और पारदर्शी खरीदी की जा चुकी है, जिससे वास्तविक किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है।

धान खरीदी के दौरान अवैध धान की आवक और खराब गुणवत्ता वाले धान पर विशेष रूप से सख्त नियंत्रण रखा गया है। उपार्जन केंद्रों पर तैनात नोडल अधिकारी एवं उड़नदस्ता दलों

**71 हजार क्विंटल धान की खरीदी**



द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। केंद्रों पर केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता वाला धान ही स्वीकार किया जा रहा है, जिससे मिलावट और अमानक धान की संभावना पूरी तरह समाप्त हो गई है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए बाहरी अथवा अवैध धान खपाने के प्रयासों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, ताकि पंजीकृत किसानों के हित सुरक्षित रहें।

शासन द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की प्रतिबद्धता ने किसानों में भरोसा मजबूत किया है। इसमें समर्थन मूल्य (2369 मोटा, 2389 पतला) के साथ किसान सहायता राशि शामिल है। इसके साथ ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ की अधिकतम सीमा और वास्तविक उपज के आधार पर की जा रही खरीदी से छोटे और बड़े सभी किसानों को आर्थिक संबल मिल रहा है।

जिला प्रशासन ने बिचौलियों को पूरी तरह सिस्टम से बाहर रखने के लिए डिजिटल एंट्री, बायोमेट्रिक सत्यापन और रिकॉर्ड आधारित निगरानी को अनिवार्य किया है। केवल पंजीकृत किसानों से ही धान की खरीदी की जा रही है तथा संदिग्ध लेन-देन और पूर्व रिकॉर्ड के आधार पर बिचौलियों की पहचान कर उन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही खरीदी के समानांतर धान का उठाव भी सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिससे उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ की स्थिति नहीं बन रही है।

कुल मिलाकर दंतेवाड़ा जिले में इस वर्ष धान खरीदी की प्रक्रिया 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत संचालित की जा रही है, जिससे अन्नदाताओं को उनकी मेहनत का पूरा और सीधा लाभ मिल रहा है तथा व्यवस्था पर किसानों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

# मुंबई के प्रसिद्ध गायकों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एनएमडीसी किरंदुल के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर किरंदुल नगर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर पूरे नगर

■ एनएमडीसी के 68वें स्थापना दिवस पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम

में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की खास प्रस्तुति मुंबई से आए प्रसिद्ध पार्श्व गायकों चारु सेमवाल और दिव्या कुमार की रही। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके मधुर स्वर और ऊर्जावान प्रस्तुति पर दर्शक देर तक तालियां बजाते नजर







आए। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एनएमडीसी ने 68 वर्षों की यात्रा में लौह अयस्क उत्पादन, सतत खनन, स्वदेशी तकनीक और सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने संस्थापक दृष्टि को स्मरण करते हुए सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधि और किरंदुल नगरवासियों ने इस संगीत कार्यक्रम का पूरा आनंद लेते नजर आए। भारत की सबसे बड़ी आयरन ओर उत्पादक कंपनी एनएमडीसी अपने बैलाडिला प्रोजेक्ट्स किरंदुल एवं बचेली के माध्यम से देश की स्टील इंडस्ट्री को मजबूत आधार प्रदान करती है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन कंपनी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी तथा कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। नक्सल प्रभावित किरंदुल जैसे क्षेत्र में यह आयोजन सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संदेश लेकर आया, जहां विकास और संस्कृति का यह संगम स्थानीय लोगों के लिए उम्मीद की किरण बन रहा है। कार्यक्रम में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कार्यकारी निदेशक रवींद्र नारायण, डीजीएम पर्सनल केएल नागवेणी, श्रम संघ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। स्थापना दिवस समारोह में एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एनएमडीसी की उपलब्धियों और सामाजिक योगदान को भी रेखांकित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि एनएमडीसी के गौरवशाली इतिहास और संगठनात्मक एकता को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

# पिकनिक स्पॉट पर बाल विवाह निषेध को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन मे बीजापुर जिले में नेलसनार पिकनिक स्पॉट पर व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति जागरूक करते हुए इसके दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बाल अधिकारों की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, युवाओं, अभिभावकों एवं पर्यटकों को बताया गया कि बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणाम होते हैं, जिनमें



कम उम्र में विवाह के कारण बालिकाओं एवं बालकों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में अवरोध, शिक्षा का बाधित होना, अल्पायु में गर्भधारण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि, कुपोषण, स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं, घरेलू हिंसा की संभावनाएं तथा गरीबी के दुष्चक्र में फंसे रहने जैसे दुष्परिणाम प्रमुख हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत निर्धारित वैधानिक आयु-सीमा एवं दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि बाल विवाह एक संज्ञेय एवं दंडनीय अपराध है। उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षित भविष्य के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

## खबर संक्षेप



### व्हीएसके ऐप इंस्टॉल का किया विरोध, शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन भानुप्रतापपुर के शिक्षकों द्वारा निजी मोबाइल में व्हीएसके ऐप अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री व प्रमुख सचिव के नाम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान रेखराम सिवाना, प्रदीप दास, गिरवर कुलदीप, विमल बघेल, लालसिंह पोटाई, विकास सिंह ठाकुर, हरिश्चन्द्र ठाकुर, मनोज सिंह मंडावी, पुनेन्द कुलदीप, कमल नारायण कोमरे, अनिल नेताम, दुलार सिंह तारम, भैयालाल समरथ, जमुना कोड़ोपी, ठनेश्वरी साहू, कांति नरेटी, निर्मला मंडावी, लेवती, कमला साहू, संगीता सहारे, रंजना ध्रुव व अन्य शिक्षक उपस्थित रहें।

### ऋण आवेदन की अंतिम तिथि 20

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से आवेदन आगामी 20 जनवरी तक आवेदन कर सकते है। कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी विकास निगम ने बताया कि अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत ऋण के लिए जिले के मूल निवासीयुवक-युवती जो अनुसूचित जाति वर्ग से हैं तथा उनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है होनी चाहिए।

### दिव्यांग प्रोत्साहन राशि के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग अंतर्गत क्षितिज अपार संभावनाएं के तहत मार्च-अप्रैल 2025 में आयोजित कक्षा 10वीं व 12वीं में दिव्यांगजनों की श्रेणी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदाय की जानी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर की छात्रा कु. समरिका नेताम को 68.4 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं के लिए शाउमावि पोड़गांव की छात्रा लिजिया को 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से दी गई प्रावीण्यता की जानकारी के आधार पर उक्त योजनांतर्गत राशि प्रदाय करने के लिए नामित किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो आवश्यक दस्तावेजों के साथ आगामी 15 जनवरी तक कार्यालय समाज कल्याण जिला कांकेर में दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

## निधन

### बिसाराम नेगी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम मेड़ों निवासी बिसाराम



नेगी का आकस्मिक निधन हो गया, वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम मेड़ों में किया गया, जिसमें ग्रामवासी रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वे पूर्व में ग्राम पंचायत सिहारी के सरपंच और सामाजिक जीवन में सक्रिय व सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रचार वाहन को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी को रायपुर और बिलासपुर में किया जाएगा। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वैन को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इसके लिए जिले के अधिकाधिक युवक-युवतियों को पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा लेने के लिए क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से किया जा सकता है। ऑनलाइन पंजीयन, ट्रायल स्थल पर ऑफलाइन पंजीयन भी होगा। उन्होंने बताया कि

## अधिकाधिक युवक-युवतियों को पंजीकृत कराने के निर्देश



खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों से अपने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड स्थानीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी साथ लाने कहा है। रायपुर में वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के ट्रायल रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में 6 जनवरी को सवेरे 9 बजे से वेट-लिफ्टिंग, 7 जनवरी को सवेरे 9 बजे से कुश्ती तथा 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से फुटबॉल के लिए ट्रायल होंगे। इसी प्रकार 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे 09 बजे से रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। बिलासपुर में 7 से 8 जनवरी तक एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं तैराकी खेलो के लिए चयन ट्रायल होंगे।

### ट्रायल 6 से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में

यह भी बताया गया कि खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में बताया गया कि नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इसमें भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है।

छत्तीसगढ़ के मूल निवासी जनजातीय खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड की मूल कॉपी के साथ उपस्थित होना होगा। देश में पहली बार छत्तीसगढ़ की मेजबानी में हो रहे है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं। सभी ट्रायल स्थलों पर ऑफलाइन पंजीयन भी किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पात्र खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है।

### सियासत : धान खरीदी की समय सीमा 15 फरवरी तक बढ़ाई जाए

# कृषि बिजली बिल और एसआईआर पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन एवं सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन के बाद सोमवार को चारामा नगर में प्रथम आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा के पदाधिकारियो एंव कार्यकर्ताओ के द्वारा जिला अध्यक्ष बसंत यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष मिथलेश्वरी शोरी, राजु दुबे अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस, महेन्द्र नायक कार्यवाहक अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस और समीर बंछोर ब्लॉक अध्यक्ष एनएसयुआई को फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

विश्रामगृह से नगर के दीनदयाल चौक से होते हुए सदर बाजार से कौरर चौक से अनुविभागीय कार्यालय चारामा तक पद यात्रा निकाली और अनुविभागीय अधिकारी चारामा को प्रदेश के विभिन्न मुद्दो पर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रदेश में खरीफ वर्ष 2025-26 के धान खरीदी व्यवस्था के अतंर्गत किसानों को धान बिक्री में काफी परेशानी हो रहा है, किसानो को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखकर धान खरीदी का समय सीमा 15 फरवरी तक बढ़ाई जाए, साथ ही खरीदी केंन्द्रो में खरीदी की गई धान का उठाव तत्काल किया जाए, छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता गहनपुनिरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर को पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता का नाम जोड़ा जाए, क्योंकि वास्तविक रूप से गरीब, दलित व पिछड़ो का नाम काटने का षड़यंत्र सरकार के द्वारा किया जा रहा है, जो न्यायोंचित नहीं है, इस पर आप संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करेंगे, प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना जो कि पूर्व के कांग्रेस सरकार के समय आम बिजली उपभोक्ता को दिया जा रहा था, जिसे बंद व कटौती कर आम जनता के जेब डाका डाल कर मनमानी तरीके से बिजली बिल के नाम पर अवैध वसुली सरकार के द्वारा किया जा रहा है। बिजली बिल हाफ योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के व्यवस्था के तह 400 यूनिट किया जाए। मांगी पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी पार्टी द्वारा दी गई।

इस सभा में पूर्व विधायक शंकर धुवा,पूर्णचंद पाढी, जनक नंदन कश्यप, नरेन्द्र यादव, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, विजय ठाकुर, ठाकुर राम कश्यप, पुरुषोत्तम गजेन्द्र, हेमन्त ध्रुव, नितीन पोटाई, पंकज वाधवानी, अशोक तिवारी, रूपसिंग पोटाई, राजकुमार ठाकुर, कृष्णा टेकाम, चेतन मरकाम, मुकेश ठक्कर, रानु कमलेश सेन, हिरवेन्द्र साहू, सरतन यादव ब्लॉक अध्यक्ष कोयलीवेडा, संतोष शिन्दे सहित जिले के सभी ब्लॉको के कांग्रेस पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### सभा स्थल समता रंग मंच तक पदयात्रा की

ज्ञापन सौपने के बाद आगे राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए सभा स्थल समता रंग मंच तक पदयात्रा निकाली। सभा स्थल समता रंग मच में राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, विधायक सावित्री मंडावी, बिरेश ठाकुर एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की राजनीति हिन्दु, मुसलमान से शुरू होकर अब ईसाई धर्म और जातियो तक पहुँच गई है। यह बेरोजगारी, मंहगाई, अपराध पर बात नहीं करते और हमेशा धर्म की राजनीति कर सबके अधिकारो को धीरे धीरे खत्म करने का कार्य कर रहे है। इसलिए सभी धर्म, जात, समाज को संगठित रहकर इनकी नीतियो से बचना होगा और कांग्रेस का साथ देकर इनकी गलत नीतियो को रोकना होगा। अन्य वक्ताओ ने भी अपने सम्बोधन में धान खरीदी, एसआईआर, बिजली बिल, मनरेगा एव अन्य कई मुद्धो पर अपने विचार रखे।

# कोसरिया पटेल महार समाज का सामुदायिक भवन हुआ लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विकासखंड स्तरीय कोसरिया पटेल महार समाज द्वारा नव-निर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं शाकाभरी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही समाज के लोगों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। लोकार्पण समारोह के दौरान सामुदायिक भवन को समाज की एकता, संगठन और विकास का प्रतीक बताया गया। शाकाभरी माता की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।



जिला अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कोसरिया पटेल महार समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता है। उन्होंने समाज की परंपराओं को सहेजते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा माता शाकाभरी की कृपा समाज के प्रत्येक परिवार पर बनी रहे, ऐसी कामना की। सामुदायिक भवन केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। यहां भविष्य में समाज की बैठकों, संस्कारों, उत्सवों और युवाओं के मार्गदर्शन जैसे कार्य सुचारु रूप से किए जा सकेंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों महिला, पुरुष और युवाओं से संगठित होकर समाजहित में कार्य करने की अपील की। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। समारोह का समापन सामूहिक प्रसाद वितरण और सामाजिक सौहार्द के संदेश के साथ हुआ। आयोजन ने स्पष्ट कर दिया कि कोसरिया पटेल महार समाज संगठित होकर विकास और परंपरा दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विजय पटेल, भीषण पटेल, सोहन पटेल, लच्छी राम पटेल, युवराज पटेल, तुकाराम पटेल, नरेंद्र पटेल सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# परलकोट में भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजू का बाइक रैली निकालकर किया स्वागत



**पखांजूर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रथम नगर आगमन पर पखांजूर में संगठनात्मक उत्साह और अनुशासन का प्रभावशाली दृश्य देखने को मिला। कांकेर जिले के नवनियुक्त भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू, नवनियुक्त जिला महामंत्री घनेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निखिल वलेचा के नगर आगमन पर युवा मोर्चा पखांजूर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों के नगर प्रवेश के साथ ही कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के माध्यम से अभिनंदन किया। रैली पूरी तरह अनुशासित और शांतिपूर्ण रही, जिसमें युवाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। स्वागत कार्यक्रम के दौरान संजू गोपाल साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है। यहाँ पद नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और निरंतर मेहनत को महत्व दिया जाता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ कार्य करें। भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष शंकर सरकार ने जिला अध्यक्ष सहित पखांजूर पधारे समस्त पदाधिकारियों का स्वागत उदबोधन मे युवा मोर्चा को भाजपा की रीड़ की हड्डी एवं भाजपा पार्टी मे युवाओं के लिए राजनितिक भविष्य उज्वल है बताया। उन्होंने स्वयं का उदहारण देते हुए कहा भाजपा पार्टी ने ही उन्हें पखांजूर नगर पंचायत का उपाध्यक्ष बनने का मौका दिया। नितिन नविन जैसे 45 वर्षीय युवक को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दीपांकर राय, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा, मोनिका साहा, स्वपन तरफदार, देव बैरागी, जितेश मुखर्जी, मण्डल उपाध्यक्ष सुकांत बिस्वास, गणेश साहा, गणेश मुखर्जी, सत्तो गाइन, मिथुन गाइन, उपाध्यक्ष नितीश मण्डल, अमित बोस, पिंटू देवनाथ, विमल ढाली, विक्रम वाला, मिडिया प्रभारी सुब्रत सरकार, निमाई हालदार, सुवेंदु मण्डल, निर्मला दास, नीलिमा देवनाथ सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर पंचमढ़ी में विद्यार्थियों का हुआ सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना



सरोना तहसील के अंतर्गत शाउमा बालक शाला अभनपुर के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी

- नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित हुआ

में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर साहस, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का अनूठा अनुभव प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 28 दिसंबर से 02 जनवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को केवल रोमांचक गतिविधियों तक सीमित न रखकर जीवन उपयोगी कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने स्काई साइक्लिंग, जिप लाइन, रॉक क्लाइम्बिंग और रेपलिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों को अपने डर पर काबू पाने, संतुलन बनाए रखने और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता प्रदान की। ऑब्स्टेकल रेस के माध्यम से विद्यार्थियों में सहनशक्ति, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल का विकास हुआ। कठिन बाधाओं को पार करते हुए बच्चों ने एक-दूसरे का सहयोग करना सीखा, जिससे उनमें सामूहिक भावना और अनुशासन मजबूत हुआ। अभनपुर के स्काउट प्रभारी महेश देव कुंजाम, व्याख्याता, के कुशल नेतृत्व में स्काउट छात्र शनि नायक, वैभव निषाद, हेमंत कुमार वट्टी, निखिल जैन एवं इंद्रशेखर मरकाम ने कैंप की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। साइट सीन दर्शनीय स्थलों की यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को पंचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता, पर्यावरण और स्थानीय भौगोलिक विशेषताओं की जानकारी दी गई, जिससे उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित हुई। नाइट ट्रेकिंग गतिविधि के दौरान सीमित रोशनी में मार्ग पहचानने, अनुशासन बनाए रखने और सतर्क रहकर आगे बढ़ने का अभ्यास कराया गया। यह गतिविधि बच्चों के आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता को मजबूत करने में सहायक रही। कैंप में बैक वुड्समैन कुकिंग के अंतर्गत खुले वातावरण में सीमित संसाधनों के साथ भोजन बनाना सिखाया गया, जिससे बच्चों में आत्मनिर्भरता और संसाधनों के सही उपयोग की समझ विकसित हुई। वहीं शेल्टर मेकिंग गतिविधि में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर अस्थायी आश्रय बनाना सिखाया गया, जो आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी ज्ञान है। यह स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के लिए सीख, साहस और सेवा का अनुपम संगम साबित हुआ। ऐसे शिविर न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं।

इस सफल आयोजन एवं विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्राचार्य रूपेंद्र रामटेके, बाबूलाल साहू, बुद्धि साहू, संकुल समन्वयक खेमन सुरोजिया, मनीष साहू, अफजल अली, शिव भास्कर, दीपा नेताम, पूजा ठाकुर, चांदनी कुंभकार, मानेश सिन्हा, रंजना ठाकुर, मंजुला नेताम, अर्जुन मंडावी एवं जयंत श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# गढ़ बांसला मेले में दैविक परंपरा और बस्तरिया संस्कृति ने किया आकर्षित, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं का प्रतीक गढ़ बांसला मेला हर्षोल्लास के साथ सोमवार को शुरू हो गया है। दो दिवसीय इस मेले का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों और स्थानीय देवी-देवताओं की भव्य परिक्रमा के साथ हुआ। मेले के पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मेला की तैयारी पिछले एक महीनों से किया जा रहा था।



मेला-मड़ाई का महत्व केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपसी मेल-मिलाप का एक बड़ा केंद्र है। मेले के दौरान दूर-दराज से आए रिश्तेदारों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोग अपने मेहमानों का स्वागत पूरे उत्साह और पारंपरिक खातिरदारी के साथ कर रहे हैं। बस्तर की यह परंपरा आज भी जीवंत है, जहाँ एक रिश्तेदार दूसरे के घर मेहमान बनकर पहुंचता है और खुशियां बांटता है। मेले की रौनक बढ़ाने के लिए इस बार कई विशेष इंतजाम किए गए हैं। बच्चों और युवाओं के लिए, मीना बाजार जहाँ खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। राहटौली झूले और बच्चों के छोटे झूले मेले के मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। पकवान और दुकानें स्थानीय व्यंजनों और खिलौनों की दुकानों से मेला परिसर गुलजार है। सांस्कृतिक संध्या लोककला मंच की प्रस्तुति मेले में आए लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में लोककला मंच का विशेष आयोजन किया गया। कलाकारों ने बस्तरिया लोक गीतों और नृत्यों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल और मांदर की थाप पर थिरकते कलाकारों ने बस्तर की कला को जीवंत कर दिया। आयोजकों ने बताया कि यह मेला मंगलवार को भी आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को और भी अधिक संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है, क्योंकि इस दिन मेले का समापन और विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। बस्तर की मड़ाई परंपरा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। गढ़ बांसला का यह मेला हमारी आस्था और आपसी सद्भाव को और मजबूत करता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
4 फरवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, ब्रम्हविंद्य, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411